# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## समाचार पत्रों में प्रकाशित कार्यक्रम

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का छत्तीसगढ़ के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन संबंधी जानकारी संलग्न है।

Sanjiv
क्राइटेरिया प्रभारी

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ,ग,) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ,ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in

## शिक्षा व संस्कृति भवन की सौगात
## 1 मई 2022

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में शिक्षा व संस्कृति भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत उपस्थित रहे जिनके कर कमलों से भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होने इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के नियमितीकरण पर विषेश रूप से चर्चा की।

नईदुनिया 13
बिलासपुर, सोमवार 02 मई, 2022

# मुक्त विवि को शिक्षा व सांस्कृतिक भवन की मिलेगी सौगात

**बिलासपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय में शिक्षा व सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन सामरोह में पहुंचे छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरण दास महंत ने कहा कि पं. सुंदरलाल शर्मा के कार्यों का अनुशरण करना चाहिए। उनके सामाजिक कार्यों के कारण गांधीजी ने उन्हें अपना गुरु कहा था।

उन्होंने कहा कि विधायकों से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को नियमितीकरण करने के लिए विधानसभा में आवाज उठाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में जो बन पड़ेगा हम करेंगे। साथ ही उन्होंने नियमितीकरण का आश्वासन भी दिया है। डा. महंत ने श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए बोरे-बासी के महत्व को बताया। पं. सुंदरालाल शर्मा की समतामूलक व सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य करने के कारण गांधी जी भी अपना गुरु मानते थे। पं. शर्मा के इन कार्यों का अनुकरण करना चाहिए। विश्वविद्यालय के 139 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने में गुणवत्तापूर्ण का सुझाव दिया। गोधन कार्यक्रम और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ पर शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा।



मुक्त विवि में भूमिपूजन कार्यक्रम मे पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत व अन्य अतिथि • नईदुनिया

### शिक्षा का किया जा रहा है प्रचार-प्रसार : कुलपति

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति डा.बंस गोपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में इस विश्वविद्यालय द्वारा 36 हजार छात्रों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। विश्वविद्यालय के सात क्षेत्रीय केंद्रों व 138 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से शिक्षा का प्रसार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में नियमित 13 शिक्षक, 25 अतिथि शिक्षक और 285 कर्मचारी कार्यरत है।

**VERIFIED**

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग.शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in


## संविधान दिवस का आयोजन

## 26 नवम्बर 2021

पण्डित सुन्दरलाल भार्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा संविधान दिवस की 72वीं वर्षगाठ समारोह का आयोजन दिनांक 26 नवम्बर 2021 को विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की मूल भावना और महत्व को केन्द्रित करते हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की माननीय कुलसचिव ने संविधान के महत्व पर एवं संविधान से आये सामाजिक बदलाओं पर प्रकाश डाला। उन्होने विशेष रूप से महिलाओं की प्रगति और उन्नति के लिए संविधान की भूमिका को स्वीकार किया।

## ओपन यूनिवर्सिटी में मनाया गया संविधान दिवस

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में संविधान दिवस की 72 वीं वर्षगॉठ समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की मूल भावना और महत्व को केन्द्रित करते हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुल सचिव ने संविधान के महत्व पर एवं संविधान से आये सामाजिक बदलावों पर प्रकाश डाला।, उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की प्रगति उन्नति और



शिक्षा के लिए संविधान की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी संविधान के कारण ही समता मूलक समाज की कल्पना कर सके है । उन्होंने संविधान को प्रत्येक नागरिक को अनिवार्य रूप से पढ़ने और अंगीकृत करने का आह्वान किया। अंत में संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए इसके मूल भाव जीवन में अपनाने के लिए सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत, वित्ताधिकारी चन्द्र शेखर जांगड़े, परीक्षा समन्वयक टीएस ठाकुर, विश्वविद्यालय के शिक्षक,अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त)
विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह

### 12 जनवरी 2021

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी 2021 को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस जयंती के उपलक्ष में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, कुलसचिव डॉ. इन्दु अनंत समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण एवं छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने की बात कही तथा युवाओं को राष्ट्र हित में अपना योगदान देने के लिए पेरित किया।

**स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती मनी**



बिलासपुर. पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विवि में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के कुलपति, कुलसचिव, आधिकारीगण, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र सम्मिलित हुए। कायरिपम के अध्यक्ष विवि के कुलपति, प्रो. बंश गोपाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में उतारने की बात कहीं। उन्होनें विवेकानन्द के एक उच्चतम आदर्श, जीव मात्र की सेवा ही ईश्वर सेवा है, के विषय में बताया साथ ही देश के विकास में युवाओं के सहभागिता पर प्रकाश डाला। विवि की कुलसचिव डा. इन्दु अनन्त ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर बात रखते हुए कहा कि समाज में सुधार की दिशा में व्यक्तिगत जीवन पर नैतिक मूल्यों का अनुसरण करना अधिक कारगर होगा।

पत्रिका

13/1/21

**VERIFIED**

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा जयंती का आयोजन

## 21 दिसम्बर 2020

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 21 दिसम्बर 2020 को पण्डित सुन्दरलाल शर्मा जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पण्डित सुन्दरलाल शर्मा की प्रतिमा पर माननीय कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अधिवक्ता एवं साहित्यकार श्री ललित मिश्रा थे। इस कार्यक्रम में पण्डित सुन्दरलाल शर्मा के व्यक्तित्व पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें पण्डित सुन्दरलाल शर्मा के व्यक्तित्व व उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पं. सुंदरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी भाषा के युग प्रवर्तक कवि, कृति दानलीला ने उन्हें जनकवि बनाया : मिश्रा

ओपन यूनिवर्सिटी में पं. सुंदरलाल शर्मा की जयंती मनाई गई, द्वितीय संस्करण प्रकाशन का प्रयास करेंगे- कुलपति

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर



पं. सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में सोमवार को पं. सुन्दरलाल शर्मा जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित पं. सुन्दरलाल शर्मा जी के प्रतिमा पर कुलपति डॉ. बंशगोपाल सिंह, कार्यपरिषद के सदस्य, कुलसचिव डॉ. इन्दु अनंत सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पं. सुन्दरलाल शर्मा जी के व्यक्तित्व पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति डॉ. सिंह, मुख्य वक्ता अधिवक्ता एवं साहित्यकार ललित मिश्रा थे। मुख्य वक्ता साहित्यकार मिश्रा ने व्याख्यान में कहा कि सन् 1905 में पं. सुंदरलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ी दानलीला नामक खंडकाव्य लिखकर इस बात को प्रमाणित कर दिया कि छत्तीसगढ़ी सरीखे ग्राम्य भाषा में भी साहित्य रचना हो सकती है। वह छत्तीसगढ़ी भाषा के युग प्रवर्तक कवि हैं। उनकी अमर कृति छत्तीसगढ़ी दानलीला पूरे भारत में धूम मचा दी और उन्हें जनकवि बना दिया। उन्होंने कहा कि वह हिंदी, छत्तीसगढ़ी के अलावा बंगला, उड़िया, मराठी, तेलुगू आदि भाषाओं के जानकार थे। चित्रकारी तथा मूर्तिकला में निपुण थे। गांधी जी जब छत्तीसगढ़ यात्रा पर आए तो पं. शर्मा जी के कार्यों को देखकर अभीभूत हो गए और उन्होंने उसे अपना गुरु माना। कुलपति डॉ. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि उनके पांडुलिपि एवं रचनाओं के संग्रहण, मुद्रण एवं प्रकाशन के लिए प्रयास करेंगे। इसी तरह पं. सुन्दरलाल शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की द्वितीय संस्करण प्रकाशन के लिए भी प्रयास करेंगे। कुलसचिव डॉ. इन्दु अनंत ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिता सिंह द्वारा किया गया।

ायसीसी

दैनिक भास्कर – 22/12/20

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## ध्वजारोहण का आयोजन

**15 अगस्त 2020**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 15 अगस्त 2020 को लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. इन्दु अनंत तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

18/08/2020

पत्रिका बिलासपुर

न्यूज विंडो



### ओयू में कुलपति ने किया ध्वजारोहण

बिलासपुर @ पत्रिका. पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में लाकडाउन के नियमों का पालन करते हुए 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति डॉ. वंश गोपाल सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ इंदु अनंत सहित विश्वविद्यालय परिवार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी डॉ.दीपक पाण्डेय ने दी हैं।

सामा
पत्रिका न्यूज़ नेट
patrika.com
बिलासपुर. छत्ती
तैयार करने के लि
करने और इसे ब
आधा दिन सोमव
आधे दिन के लिह
बिक्री स्व-सहाय
संतोषप्रद रहा। ग
दिन नमकीन खु
चाय की विक्रय
से छत्तीसगढ़ी व
बढ़ेगी। जिला मुर
वार राज्य शास

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## योग जागरण यात्रा का आयोजन

**19 जून 2019**

छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा दिनांक 19 जून 2019 को योग जागरण यात्रा निकाली गई। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हुए लोगों को जागरूक किया। विश्वविद्यालय द्वारा आगामी योजना के अंतर्गत योग शोध पीठ प्रारंभ किये जाने की योजना प्रस्तावित की।

नई दुनिया
20/06/19

www.naidunia.com

### विश्व योग दिवस कल, सामाजिक संस्था व विवि की बड़ी भूमिका

# 14 साल में 20 हजार स्टूडेंट बने योग प्रशिक्षक, जगा रहे अलख



बिलासपुर। योगाभ्यास करते विद्यार्थी।

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

नईदुनिया अभियान

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है, जहां से 14 साल में 20 हजार स्टूडेंट योग प्रशिक्षक बनकर निकले हैं। वर्ष 2005 में डिप्लोमा इन योग साइंस विषय की पढ़ाई शुरू हुई थी। 2019 तक प्रवेश के लिए होड़ मच गई है। पासआउट होने वाले स्टूडेंट गांव-गांव तक जाकर योग से निरोग रहने अलख जगा रहे हैं।

21 जून को विश्व योग दिवस है। इस दिन को खास बनाने के लिए पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में संचालित एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस विभाग खास तैयारी में जुटा हुआ है। कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह के निर्देशन में सैकड़ों स्टूडेंट योग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन वर्ष 2005 से पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर उन्हें अपने क्षेत्र या गांव में योग को लेकर जागरूकता फैलाने प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि बड़ी संख्या में स्टूडेंट रोज सुबह 7 बजे से प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं। 21 को विश्व योग दिवस के मौके पर विभिन्न योगासन और स्पर्धा भी आयोजित है। अनुभवी शिक्षकों योग अनुदेशकों की उपस्थिति में योगासन, प्राणायाम, बंध, मुद्रा, ध्यान एवं अन्य यौगिक क्रियाओं के बारे में बताया जा रहा है। खासबात यह कि यहां कोई भी व्यक्ति योग करने आ सकता है। पूरी तरह से निःशुल्क है।

### भोजन एक नशा, पा सकते हैं नियंत्रण


भोजन एक नशा है। इसे योग के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। जिस तरह से पान, गुटखा, शराब छोड़कर जीवन चल सकता है, उसी तरह से भोजन भी छोड़कर पानी के सहारे जीवन चलाया जा सकता है। ये बातें योग साधक मनोहर जीवनानी ने कही। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भूख दिमाग को लगती है, पेट में नहीं। जिस प्रकार आदमी एक बार भोजन करता है, तो दिमाग 24 घंटों में एक बार ही भोजन मांगता है। जो आदमी दिन में दो बार भोजन करता है, उसका दिमाग दिन में दो बार ही भोजन मांगता है। तीन बार भोजन करने वाले को तीन बार ही भूख लगती है। इससे साफ जाहिर होता है कि भोजन नशा मात्र है, इसके अलावा कुछ भी नहीं है। यही बात पान, गुटखा और अन्य नशे पर भी लागू होता है। अगर आदमी दिमाग की मांग के अनुसार भोजन देना बंद कर देगा तो दिमाग भी भोजन मांगना बंद कर देगा। भूख को नियंत्रित करने के दो आसन हैं। पहला वज्रासन में योग मुद्रा और दूसरा पद्मासन में योग मुद्रा। इससे मणिपुर चक्र जो नाभि में रहता है वह जागृत होता है।

### निकाली जागरण यात्रा

छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा योग जागरण यात्रा निकाली गई। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हुए लोगों को जागरूक किया। विभाग के द्वारा 5 से 15 जून, 2019 तक योग पद्धति द्वारा मधुमेह (शुगर) निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में मनोवैज्ञानिक परामर्श, आयुर्वेदिक चिकित्सक का परामर्श, आहार परामर्श की भी सुविधा दी गई। 21 को विश्व योग दिवस पर वृक्षारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा आगामी योजनान्तर्गत योग शोध पीठ प्रारंभ किए जाने की योजना भी प्रस्तावित है। दावा किया जा रहा है कि इस पीठ के प्रारंभ होने पर पूरे राज्य को लाभ प्राप्त होगा। एक अन्य आगामी प्रस्तावित योजना के तहत प्रदेश के शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों, संस्थाओं से संपर्क व सहमति प्राप्त कर वहां योग शिविरों का आयोजन किया जाना है।

### ये हैं योग के नियम

- किसी गुरु के निर्देशन में योग अभ्यास शुरू करें।
- सूर्योदय व सूर्यास्त का वक्त योग के लिए उचित है।
- योग करने से पहले स्नान जरूर करना चाहिए।
- योग खाली पेट करें। दो घंटे पहले कुछ ना खाएं।
- आरामदायक सूती कपड़े पहनें।
- किसी शांत वातावरण व साफ जगह में योग करें।
- अपना पूरा ध्यान केवल योग पर ही लगाएं।
- योग अभ्यास धैर्य व दृढ़ता से करें।
- अपने शरीर के साथ जबरदस्ती ना करें।
- धीरज रखें। योग अभ्यास का लाभ धीरे से होता है।
- निरंतर योग अभ्यास जारी रखें। अचानक ना छोड़ें।
- योग करने के बाद 30 मिनट तक कुछ नहीं खाएं।
- योग करने के बाद एक घंटे तक नहाना भी नहीं।
- प्राणायाम हमेशा आसान अभ्यास के बाद करना चाहिए।
- मेडिकल तकलीफ हो तो पहले डॉक्टर से सलाह लें।
- तकलीफ होने पर तुरंत योग अभ्यास रोक देना चाहिए।
- योगाभ्यास के अंत में हमेशा श्वासन करें।
- नियम का अच्छे से पालन करना चाहिए।



VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## स्थापना दिवस का आयोजन
## 29 मार्च 2019

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 29 मार्च 2019 को 15 वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. गौरी दत्त शर्मा (कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय) रहे। उन्होने कहा कि डेढ़ दशक में इस विश्वविद्यालय ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो अनुकरणीय हैं। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर में एक हाईटेक स्टूडियों के निर्माण की कार्य योजना प्रस्तावित की गई।

पं. सुंदरलाल शर्मा विवि का स्थापना दिवस

### दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय काम किया- कुलपति जीडी शर्मा



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बिलासपुर. पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के 15 वें स्थापना दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. गौरीदत्त शर्मा ने कहा कि किसी विश्वविद्यालय की स्थापना एक दुरुह कार्य है और इसमें सफलता पाना तो और भी कठिन है। पिछले डेढ़ दशक में इस विश्वविद्यालय ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो अनुकरणीय हैं।

दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना वैसे भी आसान नहीं है, काफी कठिनाइयों से गुजरने के बाद जाकर कहीं पहचान बनती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. वंश गोपाल सिंह ने कहा कि शैक्षणिक पदों पर भर्ती किए जाने के बाद विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली में काफी सुधार हुआ है। आने वाले दिनों में हाइटेक स्टूडियो के निर्माण किए जाने की योजना है। ताकि दूरस्थ शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र घर बैठे वीडियो लेक्चर प्राप्त कर पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने मुक्त विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना की। कुलसचिव इंदु अनंत ने कहा कि आने वाले दिनों में अधोसंरचना विकास का काम पूरा होने के बाद कार्य संचालन में और गति आएगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम में कुशवाहा ठाकुर, रुपेंद्र काव समेत कर्मचारी और प्राध्यापक उपस्थित थे।

पत्रिका
30/3/19

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## कुल उत्सव का आयोजन

**21 दिसम्बर 2018**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 21 दिसम्बर 2018 को 14वां कुल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ नवनिर्वाचित विधायक शैलेष पाण्डेय जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की। इस कार्यक्रम के माध्यम के विभिन्न अतिथियों ने पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय की प्रगति को देखकर कुलपति जी को बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय पण्डित सुन्दरलाल शर्मा के आदर्शो और सपनों को साकार करने में लगा है।





### पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालयमें 14 वां कुल उत्सव

# दूरवर्ती शिक्षा ज्यादा कठिन, फिर भी बेहतर काम

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय प्रदेश के लोगों के लिए 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' के मूलमंत्र के साथ बेहतर काम कर रहा है। दूरवर्ती शिक्षा का कार्य परंपरागत विश्वविद्यालयों से ज्यादा कठिन होता है, क्योंकि छात्रों के लिए पाठ्यसामग्री तैयार करना पड़ता है। इसके बाद भी यह विश्वविद्यालय सबसे बेहतर कार्य कर रहा है। यह बात ओपन यूनिवर्सिटी के 14 वॉं कुल-उत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक शैलेष पांडे ने कही।

## विवि के कर्मचारियों के लिए शासन से समन्वय कर बेहतर काम का आश्वासन

बिलासपुर। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय का 14 वां कुल-उत्सव 21 दिसंबर को विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शैलेश पाण्डेय (बिलासपुर विधायक) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बंश गोपाल सिंह (कुलपति) ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. टीडी शर्मा (पूर्व कुलपति एवं मुख्य वक्ता), डॉ. श्रीमती सविता मिश्रा (विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग) शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर स्वाशासी महाविद्यालय, रायपुर थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परिचय कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने कराया तथा पुष्प पौध देकर सम्मानित किया। कुलपति ने श्रीफल एव शॉल देकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बी. एल. गोयल सहित शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उन्होनें आजादी की लड़ाई एवं गांधी जी के साथ कई कार्य किए। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व कुलपति डॉ. टीडी शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति से हम खुश है और यह विश्वविद्यालय सही मायने में पंडित सुन्दरलाल शर्मा जी के आदंशों और सपनों को साकार करने में लगा हुआ है।

- अतिथियों ने सराहा पं. शर्मा के आदर्शों-विचारों को
- विश्वविद्यालय की प्रगति से प्रसन्न नजर आए सभी

### अनाथों के साथ अपने बच्चे पढ़ाकर कायम की मिसाल

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ऐसे मनीषी के नाम पर विश्वविद्यालय का होना अपने आप में गौरव प्रदान करता है। आज जो समस्याएं हैं, उसे दूरदृष्टा सुंदरलाल शर्मा ने 137-138 वर्ष पूर्व ही समझ लिया था और अछूतोद्धार, महिला उत्थान, आदिवासी उत्थान व छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना आदि के लिए कार्य किया। पं. सुंदरलाल शर्मा ने सुविधा सम्पन्न होते हुए भी अपने बच्चों को अनाथ बच्चों के साथ पढ़ाकर जो मिसाल कायम की, उससे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक शैलेष पांडे से कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति एवं विश्वविद्यालय हित के लिए कार्य करने की बात कही।

### छत्तीसगढ़ राज्य का सपना देखने वाले पहले व्यक्ति थे वे

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. श्रीमती सविता मिश्रा ने सुन्दरलाल शर्मा का जीवन परिचय, उनके कार्य, उनके आदंशों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का सपना देखने वाले पहले व्यक्ति हैं। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ महतारी नाम दिया था। वे एक साथ साहित्यकार, पत्रकार, चित्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अछूतोद्धार के प्रणेता थे। राजिम में राजीव लोचन मंदिर में अछूतों को सर्वप्रथम मंदिर में प्रवेश कराने का श्रेय भी पंडित सुन्दरलाल को ही है। कुछ मायनों में गांधी जी उन्हें गुरू भी कहते थे। उन्होंने साहित्यकार के रूप में जीवनी, साहित्य की रचना एवं धर्म ग्रंथों की भी रचना की।

### 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' के मूलमंत्र के साथ काम

कुल उत्सव के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि मैं शिक्षाविद रहा हूं और अब राजनीति में आया हूं, इसलिए मेरा लगाव शिक्षा और शिक्षा जगत से बहुत ज्यादा है। लगभग 12 वर्षों तक सीवी रमन विश्वविद्यालय में कुलसचिव के रूप में कार्य करने का अनुभव भी है। उन्होंने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय को बधाई देते हुये कहा कि यह विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए 'उच्च शिक्षा आपके द्वार' के मूलमंत्र के साथ बेहतर काम कर रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि दूरवर्ती शिक्षा का कार्य परंपरागत विश्वविद्यालयों से ज्यादा कठिन होता है क्योंकि छात्रों के लिए पाठ्यसामग्री तैयार करना पड़ता है। इसके बाद भी ओपन यूनिवर्सिटी में बेहतर काम हो रहा। विधायक श्री पांडे ने कहा कि हमें सुंदरलाल शर्मा के विचारों का अनुसरण करना चाहिए। हमें उनके दिए संदेशों और आदंशों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए शासन से समन्वय कर बेहतर करने का प्रयास करने का

**VERIFIED**

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## विद्या परिषद् की बैठक का आयोजन
### 7 अगस्त 2018

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 7 अगस्त 2018 को विद्या परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने की। बैठक में चार एजेंडों पर चर्चा हुई, जिसमें 6 महीने का जी.एस.टी. सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया और वैदिक गणित और संस्कृतशास्त्र के अध्ययन का कोर्स भी बैठक में प्रस्तावित किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में एम. लिब शुरू करने पर चर्चा की गई।

# ओपन यूनिवर्सिटी में अब जीएसटी की पढ़ाई होगी

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर

ओपन यूनिवर्सिटी में अब जीएसटी की पढ़ाई होगी। इसके साथ-साथ यहां छात्र वैदिक गणित और संस्कृत शास्त्री की पढ़ाई भी कर सकेंगे। इसका अध्यादेश ओपन यूनिवर्सिटी में मंगलवार को हुई विद्यापरिषद की बैठक में पारित किया गया। अब इसे 11 अगस्त को होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में शामिल किया जाएगा। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में मंगलवार को विद्यापरिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बंशगोपाल सिंह ने की। बैठक में 4 एजेंडों पर चर्चा हुई। वर्तमान समय में जीएसटी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए ओपन यूनिवर्सिटी ने 6 महीने का जीएसटी सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव विद्यापरिषद में रखा, जिसे पास किया गया। इसके अलावा बैठक में वैदिक गणित और संस्कृत शास्त्री के कोर्स का भी अध्यादेश पास किया गया। वहीं यूनिवर्सिटी में एम लिब शुरू करने की चर्चा भी विद्या परिषद की बैठक में हुई। इन एजेंडों को अब 11 अगस्त को होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा। विद्यापरिषद की बैठक में कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, डॉ. बीएल गोयल, डॉ. बीएन तिवारी, डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति, डॉ. बीना सिंह, डॉ. टिकेश्वर सिंह उपस्थित रहीं।

दैनिक भास्कर ( 08/08/2018

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## विश्वविद्यालय में स्थापित भवनों का नामकरण
## 31 जुलाई 2018

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 31 जुलाई 2018 को कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों का नामकरण किया। नवनिर्मित भवनों का नामकरण छत्तीसगढ़ की सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर किया गया। इसमें प्रशासनिक भवन को सिरपुर, अकादमिक भवन को सिहावा, परीक्षा भवन को महामाया और लाइब्रेरी को दंतेश्वरी नाम दिया गया।

कोनी में पंडित सुंदरलाल शर्मा यूनिवर्सिटी के भवन, सड़क, जंगल का कुलपति ने किया है नामकरण


### ओपन यूनिवर्सिटी में प्रशासनिक भवन को सिरपुर कहते हैं, अकादमिक भवन को सिहावा, परीक्षा भवन का नाम महामाया रखा और लाइब्रेरी को दंतेश्वरी पुकारते हैं

आशीष दुबे | बिलासपुर 99079-01010

बिलासपुर में कोनी स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति डॉ. वंशगोपाल सिंह ने यहां हरेक भवन का नामकरण कराया है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिषद की बैठक हुई है। इसमें प्रशासनिक भवन को पुरातत्व स्थल सिरपुर का नाम दिया गया है। अकादमिक भवन को सिहावा, परीक्षा भवन को महामाया और लाइब्रेरी को दंतेश्वरी भवन के नाम से पुकारा जा रहा है। इसी तरह सड़क, तालाब और जंगल को भी अलग नामों से पुकारा जाने लगा है। इस अलग तरह के बदलाव से सभी खुश हैं। वे कहते हैं कि यह छत्तीसगढ़ में देवियों और धार्मिक स्थलों को बढ़ाने की अच्छी पहल है। इसके तैयार करने की योजना यहां के कुलपति डॉ. वंशगोपाल ने ही तैयार की है। जो अच्छा प्रयास है।

बिलासपुर से सात किलोमीटर दूर कोनी में ओपन यूनिवर्सिटी का निर्माण किया गया है। यह 69 एकड़ जमीन में फैला हुआ है। पूरे छत्तीसगढ़ में यूनिवर्सिटी के अधीन 146 केंद्र हैं। यहां हजारों छात्र डिस्टेंस एजुकेशन के तहत शिक्षा हासिल कर रहे हैं। पत्राचार के माध्यम से 31 विषयों की पढ़ाई चल रही है। इसी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. वंशगोपाल सिंह ने यहां के पुरातत्व स्थलों और देवी देवताओं के नाम को हरेक की जुबान पर रखने के लिए एक अनूठा प्रयोग किया है। उन्होंने हरेक भवनों के नाम तय किए हैं। ज्यादातर भवन धार्मिक स्थल और सड़कें महापुरुषों के नाम पर रखी गई हैं। इसी का नतीजा है कि आज यहां पढ़ने वाला कोई बच्चा यह नहीं कहता है कि प्रशासनिक भवन जाना है, बल्कि वे इसे सिरपुर भवन के नाम से जानते हैं। इसके लिए बकायदा बड़े अक्षरों में दीवारों पर इसे लिखा गया है। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिषद की बैठक में इसका प्रस्ताव तैयार करवाया है। इसमें ही भवन, सड़क, जंगल और अन्य का नामकरण तय किया गया है।

#### जानिए, कौन से भवन को क्या कहकर पुकारते हैं



प्रशासनिक भवन को सिरपुर भवन। परीक्षा एवं मूल्यांकन भवन को महामाया भवन। अकादमिक भवन को सिहावा भवन। लाइब्रेरी को दंतेश्वरी भवन। गेस्ट हाउस को अरपा भवन। छात्रावास को चित्रकोट भवन। तालाब को शबरी। जंगल को पंचवटी और पुस्तकालय भवन को विवेकानंद के नाम से पुकारते हैं। सड़कों के नाम महापुरुषों के नाम पर है। इसे स्वामी आत्मानंद मार्ग, सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग और पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाता है। भवन के नामकरण को लेकर बिलासपुर में यूनिवर्सिटी के मामले में यह पहला और अनूठा प्रयोग है।

#### विश्वविद्यालय परिषद की बैठक में तय हुआ है भवनों के नाम

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में भवनों के नामकरण की प्रक्रिया हो चुकी है। सारे भवनों के नाम [illegible] और देवी देवताओं के नाम पर रखे गए इसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। [illegible] के लिए बैठक हुई है। इसी में [illegible] निर्देश दिए गए हैं। लोग अब [illegible] प्रशासनिक या अकादमिक [illegible] से जानते हैं। अब यह [illegible] हो चुका है।
डॉ. वंशगोपाल सिंह, कुलपति सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

दैनिक भास्कर – 01/08/2018

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## विश्व हृदय रोग शिविर का आयोजन
## 25 जुलाई 2018

किम्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ की कार्डियक टीम के द्वारा पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में दिनांक 25 जुलाई 2018 को विशेष हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय के 150 कर्मचारी लाभान्वित हुए। इसमें ब्लड प्रेसर, ई.सी.जी. की सुविधा उपर्युक्त हास्पिटल द्वारा निशुल्क प्रदान की गई।

पदन ट्रावल क दारान मुख्य आतिथ प्रभारी प्राचार्या नेंसी फिलिप, एचआर डा. अनन्या सेन, असिस्टेंट डायरेक्टर ए सामंतराय, डा. जीएस पटनायक, आनंद सिंह, रामप्रताप सिंह और जिला बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष हितेश तिवारी मौजूद थे।

### की हाकी टीम

व मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि म में सारे खिलाड़ी जूनियर हैं। दूसरी में एस्ट्रोटर्फ है, जहां खिलाड़ियों को उपरांत खेलने में सुविधा होती है। ट्रोटर्फ नहीं होने के कारण खिलाड़ियों के मैदान में प्रेक्टिस करना पड़ता है। ई है, लेकिन खिलाड़ियों को एस्ट्रोटर्फ व होगा। बिलासपुर में एस्ट्रोटर्फ बनने खिलाड़ी भविष्य में शानदार खेल का ।

### किम्स हास्पिटल ने लगाया शिविर, 120 मरीज लाभान्वित



बिलासपुर। किम्स सुपर स्पेशलिटी ह्रस्पिटल को कार्डियक टीम के द्वारा 25 जुलाई को पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में विशेष ह्रदय रोग शिविर लगाया गया। यहां विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने ह्रदय रोगों से संबंधित लक्षणों की जानकारी ली। इसमें डा. दिलीप रत्नानी ने मरीजो का उपचार कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिए। इसमें बीपी, ब्लड शुगर, वजन के साथ ईसीज़ी की सुविधा किम्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा निःशुल्क प्रदान की गई । शिवर से 120 लोग लाभान्वित हुए।

हरिभूमि जुलाई 26/07/2018

**VERIFIED**

**REGISTRAR**
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

**Dr. Sanjiv Kumar Lavania**
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in



## रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**25 जुलाई 2018**

सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा विश्वविद्यालय तथा रेड क्रास सोसायटी बिलासपुर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 25 जलाई 2018 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंग ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 34 यूनिट रक्तदान किया गया तथा कुल 89 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## ओपन यूनिवर्सिटी में 34 ने रक्तदान व 89 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर



ओपन यूनिवर्सिटी में रक्तदान करते अधिकारी-कर्मचारी।

पं. सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में बुधवार को विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ, बैंक ऑफ बड़ौदा विश्वविद्यालय शाखा और भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने रक्तदान के बारे में लोगों की भ्रांतियों को दूर किया और रक्तदान के लाभ बताए। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर इकाई की टीम ने चिकित्सक के निर्देशन में पूर्ण सहयोग किया। शिविर में 34 यूनिट का रक्तदान किया गया। इसमें 6 महिला कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, बिलासपुर द्वारा 'रक्तदान् प्रमाण-पत्र' प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 89 अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच व ईसीजी की निःशुल्क जांच कराया। शिविर में डॉ. एस रूपेंद्र राव, दीपक पाण्डेय, डॉ. नीलिमा तिवारी, डॉ. सुषमा सोलंकी, हरीशचंद्र वैष्णव, डोंगेश्वर साहू, नवीन साहू, कमलेश साहू, सच्चिदानंद धीवर, नंदकिशोर यादव, हेमलाल दुबे, अन्नपूर्णा कौशिक, शिरीष मिश्रा, हरदीप साहू, अतुल करिहार, विनोद कुमार साहू, नमिता शर्मा, महेन्द्र कश्यप, प्रकाश चंद तिवारी, सुकृता तिवारी, ऐश्वर्या सागर, राजेश उइके, सौरभ वर्तक, संतोष पाण्डेय, दीपक दुबे, आशीष मिश्रा, ओंकार सिंह, मयंक, मोहित आनंद, देवाल सिंह ने रक्तदान किया।

जीवित रखने बाबा थांवरदास का जन्मोत्सव 29 को

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

Dr. Sanjiv Kumar Lavania
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाश क्रमांक : (07752 – 240712)

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## मिशन ग्रीन

**16 जुलाई 2018**

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में दिनांक 16 जुलाई 2018 को मिशन ग्रीन के तहत वृक्षारोपरण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में 600 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर पी. दयानंद, बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने की।

17 जुलाई-2018

दैनिक भास्कर

धर्म·समाज·संस्था

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में मिशन ग्रीन अभियान के तहत लगाए गए 600 पौधे

# मिशन ग्रीन बिलासपुर का नेतृत्व नागरिक करें तो बदल सकेगी तस्वीर: पी दयानंद

सिटी रिपोर्टर | बिलासपुर

मिशन ग्रीन बिलासपुर अभियान के अंतर्गत पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को पौधरोपण किया गया। यूनिवर्सिटी परिसर में अतिथियों और बच्चों द्वारा करीब 600 पौधे लगाए गए। मुक्त विश्वविद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा पांच हजार पौधे लगाए जाने हैं। सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर पी दयानंद उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता काशीनाथ गोरे, अध्यक्ष लायंस क्लब प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे। अतिथियों ने ग्रीन बिलासपुर के तहत पौधरोपण महाभियान शुरू किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन अपनी अच्छी भूमिका निभा रहा है किन्तु इसे जन अभियान बनाने में सामान्य लोगों का भी व्यापक सहयोग आवश्यक है। इस अभियान के अंतर्गत 50 लाख पौधे बिलासपुर जिले में लगाने का लक्ष्य रखा है। शहर की आवश्यकता को देखते हुए जन सहयोग के द्वारा इस अभियान को गति देने और भावी पीढ़ी के लिए इसे संरक्षित करने की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने युवा पीढ़ी को इस अभियान से जुड़कर योगदान करने की बात कही। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने उपस्थित आदर्श व्यक्तित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया और बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों से बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। पौधरोपण में लायंस क्लब और वन विभाग बिलासपुर इकाई के अधिकारी कर्मचारियों ने योगदान दिया। कार्यक्रम के बाद परिसर में अतिथियों और छात्रों के द्वारा पौधरोपण किया गया। विश्वविद्यालय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपेंद्र राव, सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।



**पेड़ प्रकृति से उपहार में मिले, संरक्षण जरूरी**

विशिष्ट अतिथि काशीनाथ ने कहा कि जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। पौधों के व्यापक सरंक्षण और संवर्धन से यह कार्य किया जा सकता है। प्रकृति ने हमें जीवन निर्वाह करने के लिए अनेक सुंदर उपहार दिए हैं उनमें से पेड़ हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपहार है। हमारे स्वास्थ्य और समृद्धि का पेड़ों से बहुत गहरा संबंध है। पेड़ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से हमारे लिए बहुत उपयोगी है।

शहर से गांव तक पौधे लगाने की अपील : कलेक्टर दयानंद ने कार्यक्रम के माध्यम से शहर से लेकर गांव तक पौधरोपण कार्यक्रम में लोगों से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने मिशन ग्रीन बिलासपुर महाअभियान को सफल बनाने सभी नागरिकों से कहा कि जो लोग पेड़ लगा रहे हैं उन्हें पेड़ को संरक्षित करने की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

**Dr. Sanjiv Kumar Lavania**
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registrar@pssou.ac.in


## मातृभाषा दिवस
## 21 फरवरी 2018

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में दिनांक 21 फारवरी 2018 को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, छत्तीसगढ़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी मातृभाषा को संपन्न बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

दैनिक भास्कर
22/02/18

## सिटी एक्टिविटी

आयोजन | सीयू और ओपन यूनिवर्सिटी में मातृभाषा दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# मातृभाषा संप्रेषण का सरल माध्यम, जो प्रेम स्थापित करता हैः डॉ. पाठक

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर

मातृभाषा में शक्ति, संस्कार और संस्कृति है। जो हमें क्षमता प्रदान करती है। जिससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा संप्रेषण का सहज और सरल माध्यम है। पत्रकारिता एवं हिंदी का आंदोलन मातृभाषा में हुआ, इसलिए सफल रहा। मातृभाषा को प्रेम और समन्वय स्थापित करता है। बोलियों और मातृ भाषाओं को हिंदी को सींचने और समृद्ध करने वाला है। उक्त बातें मुख्य अतिथि डॉ. विनय पाठक ने कही।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रबंध अध्ययन विभाग के सभागार में बुधवार को मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. बीएन तिवारी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. पाठक ने छत्तीसगढ़ की मातृभाषा छत्तीसगढ़ी है, इसलिए छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर पांच सालों में छत्तीसगढ़ी में अध्ययन, अध्यापन कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के माध्यम से सिविल सेवा की कोचिंग छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर शाल व श्रीफल से उनका सम्मान किया गया। इससे पूर्व साहित्यिक साहित्य की पुस्तकों से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव प्रो. तिवारी ने कहा कि किसी भी परिवार में संस्कार उसकी मातृभाषा में झलकता है। उन्होंने युवाओं से परिवार में मातृभाषा के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज शहरीकरण के चलते हमारी मातृभाषा विलुप्त हो रही है, जिनका संरक्षण हम सभी की महती जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में हिंदी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया और मातृभाषा दिवस कार्यक्रम के विषय में विस्तार से रूपरेखा प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त कुलसचिव एचएन चौबे ने किया। संचालन सहायक कुलसचिव टीपी सिंह ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार राघवेन्द्र दुबे व विवेक तिवारी उपस्थित थे।



सीयू में अतिथियों को साहित्यक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

### दैनिक व्यवहार में करें छत्तीसगढ़ी का उपयोगः डॉ. यादव



पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसग पिछड़ा वर्ग आयोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, विशिष्ट अतिथि प नियंत्रक टीएस ठाकुर, समन्वयक वित्त हरीश चंद्र श रहे। मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को संपन्न बनाए रखना चाहिए। छत्तीसगढ़ बनने के बाद यहां के निवासियों के अनुरूप छत्तीसग भाषा को राज्य भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ है। हमें ध्या रखना होगा कि इसकी उन्नति के साथ-साथ दैनिक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करना चाहि कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष जयपाल सिंह प्रजापति ने किया। इस अवसर पर छा छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**VERIFIED**

**REGISTRAR**
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ

**Dr. Sanjiv Kumar Lavania**
Incharge NAAC Criteria-V
PSSOU, CG Bilaspur